Ref: JPVL:SEC:2021 7th August, 2021

The Manager,
Listing Department,
National Stock Exchange of India Ltd.,
"Exchange Plaza", C-1, Block G,
Bandra-Kurla Complex,
Bandra (E),
Mumbai -400 051

Scrip Code: JPPOWER

The Manager,
Listing Department,
BSE Limited,
25th Floor, New Trading Ring,
Rotunda Building,
P J Towers, Dalal Street, Fort,
Mumbai - 400 001

Scrip Code: 532627

Sub: Submission of Newspaper Advertisements pertaining to publication of Financial Results for the Quarter ended on 31st June, 2021

Dear Sirs,

Pursuant to Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of Newspaper Advertisements pertaining to publication of Financial Results for the Quarter ended 30th June, 2021, published in Financial Express (English), Jagran-Bhopal, Jagran-Rewa and Jansatta (Hindi) on 7th August, 2021.

The aforesaid Newspaper Publication have already uploaded on Company's website.

Please take the aforesaid information on records of the Exchanges.

Thanking you,

Yours faithfully,
For Jaiprakash Power Ventures Limited

(Maheshwari Chaturvedi)
Addl. G.M. and Company Secretary

Encl: As above

अशोकनगर में 40 लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला , हेलीकाप्टर नहीं भर पा रहे उड़ान, रेस्क्यू में आ रही दिक्कत

अब पार्वती नदी उफान पर, गुना में 8 गांव डूबे अशोकनगर और विदिशा में भी हालात खराब

छतरपुर-टीकमगढ़ में नदी के किनारे के गावों में अलर्ट, सीएम ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात कर मांगी मदद

दतिया में टूटा पूल...

सिरोंज : घरों में भरा पानी..

प्रांतीय टीम, भोपाल। ग्वालियर-चंबल में बाढ़ के बीच मध्यप्रदेश के दूसरे हिस्सों में भी लगातार बारिश से बाढ़ की स्थिति बन गई है। पार्वती नदी उफान पर आ गई है। इससे गुना के 8 गांवों में पानी घुस गया है। रास्ते बंद हो गए हैं। यहां सोढ़ी नाम का गांव टापू बन गया है, जहां 180 लोग फंसे हुए हैं। इन्हें निकालने के लिए एनडीआरएफ बुलाई गई है। 450 लोग राहत शिविरों में लाए गए हैं। इसके अलावा, अशोकनगर और विदिशा जिले में भी हालात बिगड़ गए हैं। गांवों से लोगों का रेस्क्यू किया जा रहा है। विदिशा में संजय सागर डैम के 7 गेट खुलने से शमशाबाद, सिरोंज और गंजबासौदा में हालात खराब हो गए हैं। छतरपुर और टीकमगढ़ में सुजारा बांध पानी से भर गया है। धसान नदी में बाढ़ की स्थिति है। इसकी वजह से दोनों जिलों में नदी के किनारे वाले गांवों को अलर्ट किया गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि टूमन गांव के 15 और मुंगावली गांव के 25 लोग फंसे हुए थे, जिन्हें निकालकर राहत शिविर में पहुंचाया गया है। उधर, शिवपुरी-ग्वालियर क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल के गुना-ग्वालियर रेल खंड पर ट्रेनों पर असर पड़ा है। इसके चलते पाडरखेड़ा-मोहाना के बीच ट्रेक उखड़ गए हैं। रेल ट्रैक का सुधार कार्य किया जा रहा है। इस कारण इस रेल खण्ड पर चलने वाली कुछ गाड़ियों को निरस्त एवं कुछ गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया गया है। रेलवे ट्रेक पर पानी भरने से इंदौर-देहरादोन समेत चार ट्रेन के रूट में बदलाव किया गया है।

20 से ज्यादा मकान गिरे: गुना शहर के बूढ़े बालाजी स्थित गौशाला में 4 फीट तक पानी भर गया है। गौशाला की दीवार तोड़कर गायों को रेस्क्यू किया गया। तेज बहाव में बह जाने से 2 गाय की मौत हो गई। शहर की दो दर्जनभर बस्तियां जलमग्न हो गई हैं।

विदिशा : नाव से रेस्क्यू..

ग्वालियर-चंबल में फिर भारी बारिश के आसार

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मप्र के मध्य क्षेत्र में कम दबाव का क्षेत्र बना है। इसके असर से शनिवार को ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों के साथ राजगढ़ जिले में कहीं-कहीं भारी बारिश के आसार हैं। हालांकि गुरुवार-शुक्रवार के मुकाबले बारिश की तीव्रता कम हो जाएगी, क्योंकि वेदर सिस्टम कमजोर हो रहा है। प्रदेश के अन्य हिस्सों में बारिश की गतिविधियां धीमी पड़ जाएंगी।

विदिशा : बाढ़ में फंसे सैकड़ों लोगों का रेस्क्यू

पिछले 4 दिनों से लगातार हो रही बारिश से जिले में बाढ़ आ गई है। जिले की सभी नदियों और नालों के उफान पर आने से पुल और पुलिया के ऊपर से पानी बह रहा है। जिला मुख्यालय का सड़क संपर्क अधिकांश तहसीलों का गांव से कट गया है। जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष के अनुसार कुरवाई में 4 गांव का संपर्क कट गया है, हालांकि इन गांवों में फंसे 425 लोगों को वहां से निकाल लिया गया है। वही सिरोंज में 8 गांव में 250 लोग फंस गए, जहां से 124 लोगों को निकाल लिया गया है, बाकी 126 को निकाला जा रहा है।राजगढ़ जिले में लगातार 4 दिन से हो रही बारिश से लोग परेशान है। बारिश की वजह से खिलचीपुर की गाड़गंगा नदी उफान पर है। नदी पर बना छोटा पुल पानी में डूब चुका है। हालात यह है कि नदी पर बने बड़े पुल तक पानी पहुंचने लगा है।

सीएम ने शाह से कहा-जल्द भेजें एनडीआरएफ की टीम

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात कर बाढ़ बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की टीम भेजने का अनुरोध किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही एनडीआरएफ की टीम पहुंच जाएगी। अशोकनगर जिले में बाढ़ में लगभग 50 लोग फंसे हैं और तेज बारिश के कारण वायुसेना का हेलीकाप्टर उड़ान नहीं भर पा रहा है। अशोकनगर में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए एनडीआरएफ की दो टीमें और एक आर्मी कॉलम के आदेश जारी किए गए हैं। एसडीआरएफ की दो अतिरिक्त टीमें भी अशोकनगर रवाना हो गई है। मुख्यमंत्री अशोकनगर सहित गुना, श्योपुर, शिवपुरी, दतिया, भिंड आदि में बाढ़ बचाव कार्यों की निरंतर मॉनीटरिंग कर रहे हैं।

पानी भरने के बाद चलाया जा रहा रेस्क्यू ऑपरेशन

जिले की केथन नदी उफान पर आने से बहादुरपुर सहित अकोदिया, घाटबमूरिया व अन्य गांव में पानी भर गया। बहादुरपुर की कई दुकानें खाली कराई हैं। वहीं प्रशासनिक अमला ने मौके पर पहुंचकर राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया है। मुंगावली-बहादुरपुर मार्ग पर पानी आने के कारण मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया। मुंगावली की ओर जाने वाला मार्ग के पुल पर लगभग 4 फीट तक पानी भर गया है। बहादुरपुर की पास के गांव अकोदिया पानी की डूब क्षेत्र में आने के कारण वहां से गांव के लोगों को बाहर निकाला जा रहा है।

घर में आग लगने से रेलवे अफसर की पत्नी, बहन और भांजी जिंदा जले, शार्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा

जागरण, जबलपुर। गोराबाजार बिलहरी स्थित पिंक सिटी में गुरुवार देर रात ढाई बजे आग लगने से 7 साल के मासूम और दो महिलाओं की जलने और दम घुटने से मौत हो गई। वहीं 70 साल की महिला और पश्चिम मध्य रेलवे में तैनात उनके बेटे को कॉलोनी के गार्ड और आसपास के लोगों ने बचा लिया। अंदेशा जताया जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट से लगी होगी। गोराबाजार पुलिस के मुताबिक पिंक सिटी गेट नंबर तीन के अंदर मकान नंबर 78 में यह दुखद हादसा हुआ। मकान डब्ल्यूसीआर जीएम के दफ्तर में तैनात प्रोटोकॉल इंस्पेक्टर आदित्य सोनी का है। गुरुवार रात को वह घर पर थे। भूतल सहित प्रथम मंजिल का ये मकान बना है। भूतल में उनकी 70 साल की मां कैंसर पीड़िता अरुणबाला सोनी किचन के सामने लगे बेडरूम में सो रही थीं। वहीं आदित्य, उनकी पत्नी नेहा सोनी (32), भोपाल निवासी बहन रितु सोनी (37), भांजी परी उर्फ धनविस्टा सोनी (7) पहली मंजिल पर सो रहे थे। कॉलोनी के गार्ड ने देर रात ढाई बजे आदित्य सोनी के मकान में आग देख शोर मचाया। कॉलोनीवासियों के साथ वह पहुंचा तो 70 साल की अरुणबाला सोनी चीख रही थीं। सामने आग लगी थी, जो फैलकर पहली मंजिल तक पहुंच गई थी। वहीं बालकनी से आदित्य सोनी चीख रहे थे। लोगों ने मां-बेटे को किसी तरह निकाला, लेकिन नेहा, रितु और परी कमरे में ही फंस गईं। नेहा बचने के लिए बाथरूम में छुप गई थी, लेकिन धुआं और आग की गरमी ने जान ले ली। नेहा की लाश बाथरूम में मिली। वहीं रितु और परी की लाश बेड पर पड़ी थी। फायर ब्रिगेड को सूचना मिलने पर ड्राइवर अजय कुमार शर्मा दल के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाई। आग बुझने के बाद लोग अंदर पहुंचे तो तीनों की लाश मिली। सूचना पर गोराबाजार टीआई सहित केंट सीएसपी भावना मरावी, एएसपी गोपाल खांडेल, एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा, विधायक केंट अशोक रोहाणी, नगर निगम कमिश्नर संदीप जीआर, नायब तहसीलदार नीरज कथरिया, एफएसएल डॉ. सुनीता तिवारी और फायर ब्रिगेड प्रभारी कुशाग्र ठाकुर पहुंचे थे। घटना को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया। तीनों शवों को मेडिकल कॉलेज की मरचुरी भिजवा दिया गया। वहीं 70 वर्षीय अरुणबाला सोनी की तबीयत खराब होने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आदित्य सोनी की एक बहन वर्षा सोनी आस्ट्रेलिया में रहती है। बहन रितु और भांजी परी 10 दिन पहले ही भाई के घर आए थे। पत्नी, बहन व भांजी की मौत से आदित्य सोनी बदहवास से हो गए हैं। मां अरुणबाला सोनी को अभी तीनों मौतों के बारे में नहीं बताया गया है। मकान में आग से प्लास्टर तक उखड़ गया है। इन्वर्टर सहित टीवी, फ्रिज, घरेलू सामग्री, बिजली की लाइन आदि सब कुछ राख हो गया है। आग भूतल से फैली था।

सिंधिया के अनुरोध पर टीमें रवाना

नई दिल्ली, ग्वालियर। ग्वालियर - चम्बल अंचल के साथ ही गुना- अशोकनगर जिले में भी लगातार बारिश के चलते हालात खराब हो रहे हैं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया दोनो जिलों के प्रभारी मंत्री-ज़िला प्रशासन के सीधे संपर्क में हैं। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह जी से दूरभाष पर चर्चा करके अशोकनगर एवं गुना जिले में तुरतं राहत एवं बचाव कार्य करने के लिए एनडीआरएफ की दो-दो टीमें भेजने का अनुरोध किया, गृह मंत्री शाह ने गृह मंत्रालय के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देकर दोनो जिलों में दो-दो एनडीआरएफ की टीमें तत्काल रवाना करने का निर्देश दिया।

पोल्ट्री फार्म तोड़ने के मामले में भोपाल कमिश्नर कलेक्टर सहित अन्य को अवमानना नोटिस

जागरण, जबलपुर। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मोहम्मद रफीक व न्यायाधीश व्हीके शुक्ला की संयुक्तपीठ ने न्यायालय द्वारा पूर्व में लगाई गई रोक के बावजूद पोल्ट्री फार्म तोड़ने के मामले में भोपाल कमिश्नर केवी चौधरी, कलेक्टर अविनाश लवानिया, एसपी (मुख्यालय) मणिका मणि कुमावत, एसडीएम गोंविदपुरा, मनोज वर्मा, तहसीलदार मनोज श्रीवास्तव, आरआई मायाराम यादव और पटवारी भोला शंकर को अवमानना नोटिस जारी कर अनावेदकों को तीन सप्ताह में जवाब देने का निर्देश दिया है। भोपाल के ग्राम हथाईखेड़ा, तहसील हुजूर निवासी मुबारक अली की ओर से दायर प्रकरण में कहा गया है कि ग्राम हथाईखेड़ा में उसकी जमीन है। उसने जमीन रजिस्ट्री के माध्यम से खरीदी थी। इस मामले में एसडीएम गोविंदपुरा ने जमीन का सीमांकन कराने का आदेश दिया था। इसके बाद भी 16 जुलाई 2021 को उसका पोल्ट्री फार्म तोड़ दिया गया। मामले में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अंकित सक्सेना ने तर्क दिया कि उच्च न्यायालय ने कोरोना संक्रमण को देखते हुए 23 अप्रैल 2021 को आदेश जारी कर प्रदेश में किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ की कार्रवाई पर रोक लगाई है। न्यायालय ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद सभी अनावेदकों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है।

बाढ़ से महाविनाश, सरकार अन्न उत्सव के आयोजन में लगी

भोपाल, मुप्र। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने प्रदेश में 7 अगस्त को मनाए जाने वाले अन्न उत्सव पर सवाल उठाते हुए कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग सहित कई जिले भीषण बाढ़ की चपेट में हैं। 1250 से अधिक गांव अभी भी इस भीषण बाढ़ की चपेट में हैं, कई लोगों की जान जा चुकी है, कई मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, फसलें बर्बाद हो गई हैं। आज पूरा देश हमारे प्रदेश में आई इस भीषण बाढ़ से चिंतित है और खुद को संवेदनशील बताने वाली शिवराज सरकार प्रदेश में 7 अगस्त को भव्य तरीके से अन्न उत्सव मनाने की तैयारियों में जुटी है? राशन दुकानों को गुब्बारे लगाकर, भव्य तरीके से होर्डिंग-पोस्टर लगाकर सजाया जा रहा है, लोगों को निमंत्रण बांटे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री खुद कह रहे हैं कि मैंने 70 साल में ऐसी विभीषिका नहीं देखी, यह महाविनाश है, हजारों करोड़ रुपए की आधारभूत संरचनाएं नष्ट हो चुकी हैं? इस भीषण आपदा को देखते हुए राशन का वितरण सादगी से भी किया जा सकता है। अन्न उत्सव के बहाने भाजपा का प्रचार-प्रसार व ब्रांडिंग का काम किया जा रहा है?

आज बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करेंगे नाथ: कमलनाथ शनिवार को ग्वालियर-चंबल संभाग के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करेंगे। वे शनिवार सुबह 9.45 बजे ग्वालियर पहुंचेंगे। ग्वालियर से हेलिकॉप्टर से सुबह 10.40 बजे दतिया पहुचेंगे। जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से मुलाकात करेंगे।

पीड़ितों को भोजन व रहने की व्यवस्था करे सरकार

भोपाल, मुप्र। पूर्व मंत्री व विधायक डॉ. गोविंद सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर बाढ़ प्रभावितों को भोजन व रहने की व्यवस्था करने की मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा कि तीन दिन से सैकड़ों ग्रामीण भोजन आदि की व्यवस्था न होने से भूखों मरने को मजबूर हैं। उनके खाने व रहने की व्यवस्था की जाए। केवल भिंड जिले में ही ग्रामीणों के लगभग 4 हजार मकान और घर गृहस्थी का सामान बर्बाद हो चुका है।

अन्न उत्सव नहीं होना चाहिए: मंत्री

भोपाल। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने शनिवार को होने जा रहे अन्न उत्सव कार्यक्रम को लेकर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि मुझे लगता है कि शायद यह आयोजन नहीं हो पाएगा और होना भी नहीं चाहिए। जहां एक ओर हमारे लोग पीड़ित हैं, मकान टूट गए, लोग परेशान हैं। मुख्यमंत्री ने इस बारे में प्रधानमंत्री से बात की है। एकाध घंटे में कैबिनेट में फायनल हो जाएगा। उनके बयान को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के मीडिया समन्वयक नरेंद्र सलूजा ने कहा कि मंत्री महेंद्र सिसोदिया भी कमलनाथ की बात का समर्थन कर रहे हैं। उत्सव, जश्न की शौकीन शिवराज सरकार आपदा में भी उत्सव मना रही है।

JAIPRAKASH POWER VENTURES LIMITED

Regd. Office : Complex of Jaypee Nigrie Super Thermal Power Plant, Nigrie, Tehsil Sarai, District Singrauli - 486 669, (Madhya Pradesh)
Corporate Office: 'JA House' 63, Basant Lok, Vasant Vihar, New Delhi - 110057 (India)
Website: www.jppowerventures.com **Email:** jpvl.investor@jalindia.co.in **CIN :** L40101MP1994PLC042920

STATEMENT OF STANDALONE & CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2021

(Rs. in Lakhs except Shares and EPS)

Sr. No.	Particulars	Standalone				Consolidated			
		Quarter Ended			Year Ended	Quarter Ended			Year Ended
		30.06.2021	31.03.2021	30.06.2020	31.03.2021	30.06.2021	31.03.2021	30.06.2020	31.03.2021
		Unaudited	Audited	Unaudited	Audited	Unaudited	Audited	Unaudited	Audited
1	Total income from operations (net)	92,635	106,309	66,309	343,437	92,641	106,313	70,014	342,901
2	Net Profit / (Loss) for the period (before tax and exceptional items)	719	12,493	2,330	23,222	716	12,490	3,679	22,617
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items)	719	36,858	2,330	47,587	716	23,605	3,679	33,732
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional items)	452	33,364	1,439	36,628	434	20,054	3,168	22,716
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)	468	33,457	1,429	36,691	450	21,625	2,648	28,206
6	Equity Share Capital	685,346	685,346	684,045	685,346	685,346	685,346	684,045	685,346
7	Other equity				(4,530)				(37,693)
8	Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (in Rs.)								
	Basic :	0.003	0.31	0.0135	0.34	0.003	0.19	0.0219	0.25
	Diluted :	0.003	0.31	0.0134	0.34	0.003	0.19	0.0217	0.25

Note : The above is an extract of the detailed statement of Quarter ended financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full Quarter ended financial results are available on the Stock Exchange websites i.e. **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com** and also on the Company's website i.e. **www.jppowerventures.com.**

JAYPEE GROUP — Construction, Power, Cement, Hospitality, Real Estate, Fertilizer, Buddh International Circuit
NO DREAM TOO BIG

Place : New Delhi
Dated : 6th August, 2021

For and on behalf of the Board
Manoj Gaur
Chairman
DIN 00008480

कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति
आयुक्त, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश
चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004

फार्म-डी (Pharm-D) (पूर्णकालिक 6 वर्ष), एकीकृत एम.बी.ए. (IIMBA) (पूर्णकालिक 5 वर्ष) एकीकृत एम.सी.ए. (IIMCA) (पूर्णकालिक 5 वर्ष), बैचलर इन होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी (BHMCT) (पूर्णकालिक 4 वर्ष)

पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में अर्हकारी (हायर सेकेण्डरी स्कूल 12वीं) परीक्षा के आधार पर प्रवेश हेतु
(मध्यप्रदेश में स्थित निजी संस्थान)

ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2021-22

गतिविधियां	दिनांक/समय
प्रथम चरण	
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन (Registration)	10.08.2021 से 01.09.2021 सायं 5:00 बजे तक
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी।	02.09.2021 से 03.09.2021 सायं 5:00 बजे तक
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना **प्राथमिकता क्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी**	26.08.2021 से 05.09.2021 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता	06.09.2021 दोपहर 3:00 बजे तक
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	09.09.2021 से 15.09.2021 सायं 5:00 बजे तक
द्वितीय चरण	
गतिविधियां	**दिनांक/समय**
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन (Registration)	14.09.2021 से 20.09.2021
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration)	21.09.2021 से 22.09.2021
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना **प्राथमिकता क्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी**	16.09.2021 से 24.09.2021 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता	25.09.2021 दोपहर 3:00 बजे तक
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	29.09.2021 से 08.10.2021 सायं 5:00 बजे तक
संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)	
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	**इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना।**
09.10.2021 से 10.10.2021 रात्रि 11:45 बजे तक	12.10.2021 प्रातः 10:30 बजे
उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये	
13.10.2021 से 14.10.2021 रात्रि 11:45 बजे तक	16.10.2021 प्रातः 10:30 बजे

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका/काउंसलिंग प्रक्रिया, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट dte.mponline.gov.in पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग के लिये निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदउपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।
- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आंवटन जारी होने तक प्रवेश निरस्ती करण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

(कोविड-19 के कारण, सोशल डिस्टेंसिंग रखने के लिये, सहायता केन्द्रों पर किसी भी अभ्यर्थी को नहीं जाना है)

संपर्क : 0755-6720205, 2660441
ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in .
म.प्र. माध्यम/101567/2021

अध्यक्ष काउंसलिंग समिति एवं
आयुक्त, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

बाजार पर नजर

शेयर बाजार में आज

54,277.72

Nifty 50 Top5 Gainers

Scrip	Close	%Change
GAIL India	148.75	4.09%
Indusind Bank	1029.50	3.19%
Adani Ports &Special	710.70	2.47%
Indian Oil Corp.	105.90	1.88%
Bharti Airtel	607.90	1.54%

Nifty 50 Top5 Losers

Scrip	Close	%Change
Cipla	911.30	-3.61%
Zee Entertainment	196.55	-2.50%
Reliance Industries	2089.05	-2.12%
Ultratech Cement	7527.65	-1.71%
SBI	435.65	-1.40%

फोरेक्स रेट

	मुद्रा	बिक्री
$	डॉलर	74.28
€	यूरो	87.75
¥	येन	67.58
£	पौंड	103.28

रेपो रेट व रिवर्स रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं, लेकिन महंगाई ने बढ़ाई चिंता

मुंबई, जेएनएन। भारतीय रिजर्व बैंक ने आज अपनी द्वैमासिक मॉनिटरी पॉलिसी की घोषणा कर दी है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने पॉलिसी की घोषणा करते हुए बताया कि इस बार भी ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यानि कि रेपो रेट और रिवर्स रेपो रेट को बरकरार रखा गया है। आरबीआई ने तीन दिन चली बैठक में रेपो रेट को 4 फीसदी और रिवर्स रेपो रेट को 3.35 फीसदी पर बरकरार रखा है। आर्थिक नीति की घोषणा करते हुए गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर से इकोनॉमी रिकवर हो रही है। हालांकि डिमांड सप्लाई का गैप अभी भी बिगड़ा हुआ है, लेकिन अब इसमें धीरे-धीरे सुधार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एमपीसी के 6 में से 5 सदस्य ब्याज दर बढ़ाने के पक्ष में नही थे। इस प्रकार एमपीसी कमिटी के बहुमत के निर्णय को माना गया है।

जीडीपी ग्रोथ 9.5 प्रतिशत रहने का अनुमान

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि देशभर में अच्छा मानसून अच्छी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। कोरोना की तीसरी लहर आने की बात की जा रही है जिसको लेकर हम भारतवासियों को सतर्क रहना होगा। आरबीआई ने फाइनांशियल ईयर 2022 में जीडीपी ग्रोथ में कोई बदलाव नहीं किया है। जीडीपी ग्रोथ 9.5 प्रतिशत रहने का अनुमान आरबीआई ने व्यक्त किया है।

महंगाई ने बढ़ाई चिंता

आरबीआई गवर्नर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि महंगाई दर के आंकड़ों से कुछ चिंता जरूर बढ़ी है। पहले क्वार्टर में फाइनांशियल ईयर 2023 की जीडीपी ग्रोथ 17.5 रहने की उम्मीद है। वहीं वित्त वर्ष 2023 में महंगाई दर 5.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। जबकि वित्त वर्ष 2022 में महंगाई दर 5.7 रहने की उम्मीद है। महंगाई दर के अनुमान में बढ़ोत्तरी की उम्मीद जताई गई है।

2022 में जीडीपी अनुमान

आरबीआई ने वित्त वर्ष 2022 की दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 7.3 प्रतिशत रहने की उम्मीद जताई है। वहीं तीसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 6.3 प्रतिशत रहने की उम्मीद है साथ ही चौथी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 6.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

शहरी मांग सुधरने से महंगाई पर काबू पाने की उम्मीद

आरबीआई ने 2021-22 के लिए रिटेल महंगाई दर 5.7 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। क्योंकि शहरी मांग में धीरे-धीरे सुधार होने की उम्मीद है। साथ ही ग्रामीण इलाकों में निजी खपत भी बढ़ रही है। गवर्नर ने कहा कि मई में रिटेल महंगाई का बढ़ना चिंताजनक रहा।

गवर्नर दास ने कहा कि अभी कोरोना का खतरा टला नहीं है। तीसरी लहर के खिलाफ हमें सतर्क रहने की जरूरत है। नीतिगत ब्याज दरों में बदलाव न होने से लोन ईएमआई भरने वाले कर्जदारों को झटका लगा है। क्योंकि उन्हें कर्ज देने वाले वित्तीय संस्थानों से राहत की संभावना न के बराबर हो गई है।

स्कोडा अगले साल तक देश भर में अपने आउटलेट्स की संख्या 225 करेगा

व्यापार प्रतिनिधि, भोपाल। स्कोडा ऑटो इंडिया भारतीय कार बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए अपने डीलर नेटवर्क का बड़े पैमाने पर विस्तार करने जा रही है। कंपनी ने कुछ समय पहले अपनी मध्यम आकार वाली एसयूवी कुशाक को लांच किया था और अब इसे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए अगले महीने तक देश के ज्यादातर शहरों में कंपनी के डीलर्स ने काम करना शुरू कर दिया है। यह जानकारी स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर जैक होलिस ने भोपाल में एक नई अत्याधुनिक डीलरशिप सुविधा जगदीश मोटोकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड की शुरूआत के दौरान दी। इस नई 3एस डीलरशिप सुविधा के साथ, इस कंपनी के मध्य प्रदेश में अब कुल 6 संपर्क केंद्र हो गए हैं।

धीरज रामचंदानी, डीलर प्रिंसिपल, जगदीश मोटोकॉर्प ने कहा कि स्कोडा ऑटो इंडिया के साथ साझेदारी करना और भोपाल में एक नई 3एस सुविधा प्रस्तुत करना अत्यंत प्रतिष्ठा की बात है।

जैक होलिस ने बताया कि विस्तार के बाद सेल्स व ऑफ्टर सेल्स फैसिलिटीज समेत कंपनी के देश भर में 170 से अधिक कस्टमर टचप्वाइंट्स हो जाएंगे। कंपनी की योजना अगले साल 2022 तक 225 आउटलेट्स खोलने की है।

जैक ने बताया कि कंपनी रखरखाव और स्पेयर पार्ट की लागत कम करके अपनी कारों को ग्राहकों के लिए अधिक आकर्षक बनाने के लिए देश में पीस ऑफ माइंड कैंपेन अभियान शुरू किया है। जिसके जरिये भारत में ग्राहकों को अतिरिक्त लाभ और बेहतर एक्सपीरियंस मिल सके।

सोने में 700 रुपए की गिरावट चांदी भी 200 रुपए टूटी

व्यापार प्रतिनिधि, भोपाल। कमजोर अंतरराष्ट्रीय रुख के बीच भारतीय सर्राफा बाजार में 6 अगस्त को सोने के भाव में भारी गिरावट का रुख रहा। इससे सोना आज फिर 47 हजार के नीचे पहुंच गया, वहीं, चांदी की कीमत में भी हल्की नरमी दर्ज की गई। भोपाल सर्राफा बाजार में सोना 700 रुपए टूटकर 48,700 रुपए प्रति 10 ग्राम 24 कैरेट पर बंद हुआ, वहीं, चांदी 68000 रुपए प्रति किग्रा पर बंद हुई। दिल्ली में शुक्रवार को सोना 283 रुपए की गिरावट के साथ 46,570 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। चांदी भी पिछले कारोबार के 66,175 रुपए प्रति किलोग्राम से 661 रुपए टूटकर 65,514 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1,799 डॉलर प्रति औंस पर और चांदी सपाट 25.15 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। एक्सपर्ट्स नवनीत अग्रवाल का कहना है कि इस अगस्त में सोने की कीमतें 48,500 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंचेंगी। वहीं, इस साल 60 रुपए के स्तर को पार करने की उम्मीद भी की जा रही है।

विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड स्तर पर

मुंबई, भाषा। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 जुलाई, 2021 को समाप्त सप्ताह में 9.427 अरब डॉलर बढ़कर 620.576 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने ताजा आंकड़ों में यह जानकारी दी।

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
(Govt. of M.P. Undertaking)
OFFICE OF THE Dy. GENERAL MANAGER (BI Cell)
Railway Station Road, Guna (MP) 473001
Website : portal.mpcz.in
E-mail : mpczdgmbicellguna@gmail.com/bicellguna@gmail.com
No. DGM/BI Cell/Guna/Veh-Enq/2021-22/466 Guna, Dtd. : 05.08.2021

OFFER FOR HIRE VEHICLE

MPMKVVCL hereby invited offers for hiring the below mentioned type of vehicles in the following locations :

Name of unit/Office	Type of vehicles	Due date of submission of offer	Opening Date & time
DGM (BI Cell) MPMKVVCL, Guna	Type B, Bolero/ Scorpio/TUV Jeep equivalent (AC model)	12.08.2021 upto 12:30 Hrs.	12.08.2021 at 1:30 Hrs.

Details terms and conditions are available in company website **portal.mpcz.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/101544/2021 **DY. GENERAL MANAGER (BI CELL)**

विजनेस प्लस

रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि में कोविड टीकाकरण शिविर

भोपाल। पैरामेडिकल और नर्सिंग विज्ञान विभाग द्वारा रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि में 18 साल से ऊपर के सभी लोगों के लिए खुले मेगा कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. अनुश्री तोमर, चिकलोद पीएचसी द्वारा 150 से अधिक लोगों को टीका लगाया गया है। टीकाकरण शिविर सभी कार्यरत कर्मचारियों के लिए था और सभी आश्रित परिवार के सदस्यों और आरएनटीयू भोपाल से जुड़े हितधारकों के लिए भी खोला गया था। टीकाकरण शिविर के बारे में जानकारी देते हुए डीन डॉ. सी.पी. मिश्रा ने कहा कि हमने सभी विभागाध्यक्षों, संकायों, हाउस कीपिंग स्टाफ और आरएनटीयू के गोद लिए गए गांवों के ग्रामीणों से टीकाकरण शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने का अनुरोध किया था।

लिबर्टी ने पेश किए मानसून कलेक्शन

भोपाल। फुटवियर कंपनी लिबर्टी ने मानसून कलेक्शन के लिए हैप्पी क्लॉग्स और क्लाउड फोम नामक दो रोमांचक और रंगीन संग्रहों को लॉन्च किया है। रबरयुक्त ईवा से डिजाइन किया गया ये दोनों कलेक्शंस दिन-भर के आराम के लिए उपयुक्त हैं। ये कलेक्शंस रोजमर्रा के आउटफिट्स से मेल खाते हुए, मानसून के पलों को अविस्मरणीय, मस्ती से भरपूर सुखद बनाते हैं। आसान, स्लिप-ऑन स्टाइल्स के ये हलके जोड़ें मानसून के मौसम के दौरान ताजा पैरों के लिए लचीलापन और सांस लेने की क्षमता को परिभाषित करते हैं।

गेस्ट्रोकेयर अस्पताल में निःशुल्क परामर्श शिविर

भोपाल। गेस्ट्रोकेयर अस्पताल का निःशुल्क आहार एवं फिजियोथेरपी परामर्श शिविर 8 अगस्त रविवार को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक कायाकल्प गेस्ट्रोकेयर अस्पताल परिसर में आयोजित होगा। परामर्श शिविर में विशेष सुविधायें जैसे बीसीए मशीन द्वारा जांच, 60 वर्ष से अधिक सीनियर सिटिजन के लिए फिजियोथेरेपी डिस्काउंट पैकेज एवं 50 प्रतिशत डिस्काउंट पैथोलॉजी एवं एक्स-रे पर पर मिलेगी।

बिटकॉइन जैसी करेंसीज को आईएमएफ ने बताया आर्थिक स्थिरता के लिए खतरा

मुंबई, जेएनएन। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड (आईएमएफ) ने बिटकॉइन जैसी क्रिप्टोकरेंसीज को बड़े पैमाने पर वैधानिक करेंसी का दर्जा दिए जाने के खिलाफ दुनिया के तमाम देशों को आगाह किया है। आईएमएफ का कहना है कि क्रिप्टोकरेंसी को बड़े पैमाने पर एक वैध करेंसी के तौर पर स्वीकार किया गया तो इसका अर्थव्यवस्था की व्यापक स्थिरता पर बुरा असर पड़ सकता है।

दुनिया भर के कई देशों में क्रिप्टोकरेंसीज को कानूनी मान्यता दिए जाने के बारे में काफी बहस हो रही है। मध्य अमेरिका का सबसे छोटा लेकिन सघन आबादी वाला देश अल सल्वाडोर, जून के महीने में बिटक्वाइन को लीगल टेंडर यानी वैध करेंसी घोषित कर चुका है। आईएमएफ ने अपने एक ब्लॉग में इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि क्रिप्टोएसेट्स को नेशनल करेंसी बनाना ऐसा शॉर्टकट है, जिसकी सलाह नहीं दी जा सकती क्योंकि इससे व्यापक आर्थिक स्थिरता और कंज्यूमर्स के हित खतरे में पड़ सकते है। पिछले महीने ब्रिटेन के एक पर्सनल फाइनेंस प्लेटफॉर्म फाइंडर ने दुनिया भर के 42 क्रिप्टो एक्सपर्ट्स पर एक सर्वे किया।

वोडा आईडिया के शेयर ने लगाई लंबी छलांग

नई दिल्ली, जेएनएन। रेट्रोस्पेक्टिव टैक्स पर केंद्र सरकार के फैसले का फायदा वोडाफोन-आइडिया के निवेशकों को मिला है। शुक्रवार को वोडाफोन-आइडिया का शेयर भाव करीब 20 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
85, मालवीय नगर शाखा, जिला-भोपाल

// जाहिर सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार पंजाब नेशनल बैंक शाखा 85, मालवीय नगर,भोपाल में निम्नलिखित लॉकर धारक के लॉकर विगत कई वर्षा से संचालित नहीं है और लॉकर का किराया भी नियमित रूप से जमा नहीं किया गया है । संबंधित लॉकर धारक को बैंक में उपलब्ध पते पर विधिवत रूप से सूचना प्रषित की जा चुकी है । निम्नलिखित लॉकर विधिक प्रक्रिया के तहत ब्रेक किया जाना प्रस्तावित है । जिनका विवरण इस प्रकार हैं :-

1.लॉकर नं. AA31 धारक -आर.सी. अग्रवाल,
2.लॉकर नं. AA17 धारक-हरप्रीत सिंह,
3.लॉकर नं. AA39 धारक-लिली बिस्वास,
4.लॉकर नं. AA10 धारक-जे.जे. सिंह,
5.लॉकर नं. AA13 धारक-रवींद्र सिंह,
6.लॉकर नं. AA24 धारक-अशोक भएगवा

संबधित लॉकर धारक अथवा हितबद्ध व्यक्ति बैंक कार्यालय में उपस्थित होकर अवशेष लॉकर किराया 3 दिन के अंदर जमा करवाए । मियाद गुजरने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी और बैंक की तरफ से लॉकर ब्रेक किए जाने बाबत कार्यवाही संपादित की जावेगी तथा इस हेतु उत्तपन व्यय की अदायगी की जिम्मेदारी संबंधित लॉकर धारक की रहेगी ।

शाखा प्रंबधक

मध्य रेल

ओव्हरहेड क्रॉसिंग को अंडरग्राउंड केबल क्रॉसिंग से बदलना।

वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (कर्षण वितरण), मध्य रेल, नागपुर, निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभवी ठेकेदारोंसे डिजिटली हस्ताक्षरित ऑनलाइन खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नामः** मध्य रेल के नागपुर मंडल में 07 नग 33 केवी और 01 नग 11 केवी ओव्हरहेड क्रॉसिंग को अंडरग्राउंड केबल क्रॉसिंग से बदलना। **कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 96,37,813.92 (रू. छियानबे लाख सैंतीस हजार आठ सौ तेरह और बानबे पैसे मात्र) **बयाना राशिः** बीड सिक्यूरिटी घोषणा पत्र अनिवार्य है। **निविदा बंद होने की तारिख एवं समयः** 27/08/2021 को 15.00 बजे। **वेबसाईटः** इस ई-निविदा की अधिक जानकारी तथा ई-टेंडरींग/ऑनलाइन भाग लेने हेतु संपूर्ण सूचना रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

ई-निविदा सूचना संः NGP/Elect/TRD/ 2021-22/08, dated: 04/08/2021

रेलमदद हेल्पलाईन 139

SaiNGP/74

शेयर बाजार आखिरी घंटे में बढ़ी मुनाफा वसूली, सेंसेक्स 215 और निफ्टी 56 अंक टूटा

मुंबई, जेएनएन। बाजार लगातार 4 दिन की तेजी के बाद आज शुक्रवार को कमजोरी के साथ बंद हुए। दिनभर सपाट कारोबार करने के बाद आखिरी घंटे में हल्की मुनाफा वसूली देखने को मिली। सेंसेक्स 215 अंक गिरकर 54,277.72 पर और निफ्टी 56 अंक फिसलकर 16,238 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयर्स में से 13 शेयर्स तेजी और 17 शेयर लाल निशान में बंद हुए। जिनमें इंडसइंड बैंक के शेयर 2.79 फीसदी तेजी के साथ 1026 पर बंद हुए। वहीं रिलायंस के शेयर 2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 2090 पर बंद हुए।

बाजार को ऑटो और आईटी शेयर्स का सपोर्ट मिला : बीएसई पर ऑटो इंडेक्स 0.24 फीसदी की तेजी के साथ 10,249 पर बंद हुआ। इंडेक्स में अमारा राजा बैटरीज के शेयर 1.91 फीसदी तेजी के साथ 731 रुपए पर बंद हुए। आईटी इंडेक्स 0.30 फीसदी की बढ़त के साथ 31,211 पर बंद हुआ। इंडेक्स में टेक महिंद्रा के शेयर 1.59 फीसदी की तेजी के साथ 1268 रुपए पर बंद हुए।

भोपाल विकास प्राधिकरण

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की कोहेफिजा योजना में स्थित भवन/भूखण्ड/क्रमांक 53 सेक्टर A श्रीमती कृष्णाकान्ता श्रीवास्तव W/O श्री वेद प्रकाश श्रीवास्तव के नाम अंकित है। आवंटी श्रीमती कृष्णाकान्ता श्रीवास्तव का स्वर्गवास दिनांक 22/3/2019 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस श्री पंकज कुमार श्रीवास्तव, श्री नीरज कुमार श्रीवास्तव एवं श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव पुत्र/पुत्रीगण स्व. श्री वेद प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन का नामान्तरण अपने नाम पर चाहा है।

उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा। राजस्व अधिकारी

मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित
कार्यालय महाप्रबंधक (संपदा/निर्माण), संभाग-भोपाल
पंचानन भवन द्वितीय तल, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष क्रमांक : 0755-2673195
क्र. : लउनि/निर्माण/संभाग/भोपाल/2021/11 भोपाल, दिनांक 06.08.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्य की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति (**Online System**) से वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती हैं, **कार्य का नाम : औद्योगिक क्षेत्र कंजना, तहसील-गंजबासौदा, जिला-विदिशा में बाह्य विद्युतीकरण/33 के.वी. लाइन शिफ्टिंग का कार्य,** अनुमानित लागत राशि **रु. 14,65,700.00** । निविदा की बिड जमा करने की **अंतिम तिथि 16.08.2021 सायं 05.30 बजे तक**। निविदा की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर दी जावेगी। निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है, तो वह उपरोक्त वेबसाइट पर दी जावेगी, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।

म.प्र. माध्यम/101551/2021 महाप्रबंधक (सं./नि.)

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी आवास संघ मर्यादित
कार्यालय : सहकार भवन, रंगमहल टॉकीज के सामने नॉर्थ टी.टी. नगर, भोपाल (म.प्र.), (टेली. : 0755-42321200, 2779368, फैक्स : 2779368), (Email : awassangh@yahoo.com)
क्रमांक/आ.संघ/संपदा/2021/370 दिनांक 06.08.21

आम सूचना

म.प्र. राज्य सहकारी आवास संघ मर्या. भोपाल के कार्यालयीन रिकॉर्ड के अनुसार प्लॉट क्रमांक 144 रचना नगर भोपाल पर संरचना गृह निर्माण सहकारी संस्था भोपाल के सदस्य श्री जगदीश लाल बवेजा पिता श्री बंशीलाल बवेजा ने उपरोक्त प्लॉट श्री हरिश लालचन्दानी पिता श्री पी.डी. लालचन्दानी को दिनांक 23.12. 2020 को विक्रय किया होकर श्री हरिश लालचन्दानी ने नामान्तरण हेतु आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किये हैं।
उपरोक्त नामान्तरण के संबंध में किसी संस्था या व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में मय दस्तावेजी प्रमाण के साथ आवास संघ कार्यालय सम्पर्क करें। निश्चित समयावधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवास संघ उक्त प्लॉट का नामान्तरण करने के लिए स्वतंत्र रहेगा।
आपत्ति प्रस्तुत करने का स्थान म.प्र. राज्य सहकारी आवास संघ मर्या. सहकार भवन नॉर्थ टी.टी. नगर भोपाल।
म.प्र. माध्यम/101538/2021 प्रबंध संचालक

चुनाव लड़ने से रोकने के लिए लग रहे आरोप

व्यापार प्रतिनिधि, भोपाल। राजधानी के व्यापारियों की प्रमुख संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 29 अगस्त को होने वाले चुनाव से पहले आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। कुछ दिन पहले संगठन के पदाधिकारी ने चेंबर के अध्यक्ष ललित जैन पर आर्थिक अनियमितताओं का आरोप लगाया था। अब ललित जैन ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को झुठलाते हुए कहा है कि उन्होंने चेंबर का वर्ष 2015-16 से लेकर 2020 तक का ऑडिट करवाया है। दरअसल भोपाल चेंबर के हर तीन साल में होने वाले चुनाव 2015 के बाद से अब तक नहीं हुए है। बीते छह साल से ललित जैन ही चेंबर के अध्यक्ष बने हुए है। चुनाव में देरी और आर्थिक अनियमितताओं के लगे आरोपों को लेकर उन्होंने मीडिया से चर्चा कर अपनी सफाई दी। ललित जैन जो कि इस समय अध्यक्ष पद की दौड़ में भी है का कहना है कि कुछ लोग चुनाव को रोकने का प्रयास करके उनकी छवि खराब कर रहे हैं। ललित ने कहा, 2015-16 से 2019-20 तक कंपनी एक्ट तहत हर साल प्रतिष्ठित सीए फर्म से भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स ने ऑडिट कराया है। हर साल की ऑडिट रिपोर्ट को एजीएम से पास कराया गया।

JAIPRAKASH POWER VENTURES LIMITED

Regd. Office : Complex of Jaypee Nigrie Super Thermal Power Plant, Nigrie, Tehsil Sarai, District Singrauli - 486 669, (Madhya Pradesh)
Corporate Office: 'JA House' 63, Basant Lok, Vasant Vihar, New Delhi - 110057 (India)
Website: www.jppowerventures.com **Email:** jpvl.investor@jalindia.co.in **CIN :** L40101MP1994PLC042920

STATEMENT OF STANDALONE & CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2021

(Rs. in Lakhs except Shares and EPS)

Sr. No.	Particulars	Standalone				Consolidated			
		Quarter Ended			Year Ended	Quarter Ended			Year Ended
		30.06.2021	31.03.2021	30.06.2020	31.03.2021	30.06.2021	31.03.2021	30.06.2020	31.03.2021
		Unaudited	Audited	Unaudited	Audited	Unaudited	Audited	Unaudited	Audited
1	Total income from operations (net)	92,635	106,309	66,309	343,437	92,641	106,313	70,014	342,901
2	Net Profit / (Loss) for the period (before tax and exceptional items)	719	12,493	2,330	23,222	716	12,490	3,679	22,617
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items)	719	36,858	2,330	47,587	716	23,605	3,679	33,732
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional items)	452	33,364	1,439	36,628	434	20,054	3,168	22,716
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)	468	33,457	1,429	36,691	450	21,625	2,648	28,206
6	Equity Share Capital	685,346	685,346	684,045	685,346	685,346	685,346	684,045	685,346
7	Other equity				(4,530)				(37,693)
8	Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (in Rs.)								
	Basic :	0.003	0.31	0.0135	0.34	0.003	0.19	0.0219	0.25
	Diluted :	0.003	0.31	0.0134	0.34	0.003	0.19	0.0217	0.25

Note : The above is an extract of the detailed statement of Quarter ended financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full Quarter ended financial results are available on the Stock Exchange websites i.e. **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com** and also on the Company's website i.e. **www.jppowerventures.com.**

JAYPEE GROUP — Construction, Power, Cement, Hospitality, Real Estate, Fertilizer, Buddh International Circuit — NO DREAM TOO BIG

Place : New Delhi
Dated : 6th August, 2021

For and on behalf of the Board
Manoj Gaur
Chairman
DIN 00008480

कार्यालय संचालक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल
भदभदा रोड भोपाल-462003
e-mail-fdvanvnp.bpl@mp.gov.in Phone & Fax - 0755-2674278
क्रमांक/प्रबंध/1524 भोपाल, दिनांक /05/08/21

अल्पकालीन निविदा सूचना

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल में वित्तीय वर्ष 2021-22 में मांसाहारी वन्य प्राणियों के भोजन हेतु भैंसा मांस के प्रदाय हेतु अधिकृत विक्रेताओं से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित निविदा दस्तावेज/प्रपत्र वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रुपये 500/- ऑनलाईन पोर्टल पर Credit card/Debit card/Internet banking से भुगतान कर केवल ऑनलाईन दिनांक 08.08.2021 समय प्रातः 10.30 बजे से क्रय किये जा सकेंगे। Bid Submission Start date 08.08.2021 Time 1.00 pm तथा Bid Submission End date 25.08.2021 Time 1.00 pm है। Bid Opening Date 26.08.2021 Time 2.30 pm है।

क्र.	सामग्री का नाम	वर्ष में अनुमानित मात्रा लगभग	धरोहर राशि
1	2	3	4
1	भैंसा गोश्त (मांस)	50000 कि.ग्रा.	40,000

1. निविदा दर केवल ऑनलाईन स्वीकार की जावेगी।
2. निविदाकार के पास जी.एस.टी. का जीवित पंजीयन होना आवश्यक है, इसके बिना निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
3. निविदाकार के पास भैंसा मांस के व्यापार हेतु वैध लायसेंस होना आवश्यक होगा। इसके बिना निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

जी-15404/21

संचालक
वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल

कोरोना से बचने की तीन बातें बहुत जरूरी, टीका लगवाना, मास्क पहनना और अपनाना दो गज दूरी।

HOCKEY AT OLYMPICS

US Senate to try to finish $1 trillion infra Bill today

RICHARD COWAN & SUSAN CORNWELL
Washington, August 5

THE US SENATE, unable to finalise a $1 trillion infrastructure Bill on Thursday, will try again on Saturday when it is scheduled to hold a vote on limiting debate and moving toward passage of the hard-fought legislation.

Senate majority leader Chuck Schumer struggled throughout the day to reach closure on a bipartisan Bill that would trigger new construction projects throughout the United States to expand or refurbish roads, highways, bridges, airports and other public works, many of them in substandard condition.

Following hours of closed-door negotiations, senators failed to reach an agreement on remaining amendments to the Bill, beyond the nearly two dozen already debated this week.

"We have been trying to vote on amendments all day but have encountered numerous objections from the other side," Schumer said, referring to Republicans.

Action on the legislation, which Democratic President Joe Biden supports, was held up by a flurry of demands from various senators, including a controversial move by some Republicans demanding billions of dollars in new Defense Department improvements, according to lawmakers.

A separate disagreement over a cryptocurrency provision in the infrastructure Bill also was simmering.

Once the infrastructure Bill is voted upon, the Senate was expected to begin work on a budget framework that Democrats hope would pave the way for a $3.5 trillion "human infrastructure" Bill later this year.

The measures must also pass the House of Representatives, where Democrats have a thin majority.

Some senior House Democrats, including Representative Peter DeFazio, chairman of the Transportation and Infrastructure Committee, have expressed concern that the $1 trillion Bill lacks sufficient climate measures.

Earlier on Thursday, the non-partisan Congressional Budget Office said the legislation would increase federal budget deficits by $256 billion over 10 years. Lead negotiators on the Bill disagreed, arguing the measure would be financed in a way so as not to incur deficit spending.

The sweeping package of funding is one of Biden's top legislative priorities.

The CBO's analysis said the Bill will increase Washington's revenue by $50 billion over the decade and increase discretionary spending by $415 billion.

